बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी के अधीन पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत L041-T02 to Intatekr (VR20) पथ निर्माण कार्य संवेदक Mritunjay Kumar Singh(Regd. No-1719), Vill+PO-Imamganj, Gaya, Pin-824206 को आवंटित किया गया।

एकरारनामा(एकरारनामा संख्या–02SBD/2014-15) के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 17.05.2014 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 16.05.2015 है। पथ निर्माण कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि 02.04.2021 है।

पथ निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत संवेदक द्वारा संदर्भित पथ में अनुरक्षण कार्य नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शेरघाटी का सकारण आदेश ज्ञापांक 1544 दिनांक 11.12.2025 द्वारा प्रश्नगत पथ के एकरारनामा को विखंडित करते हुए मुख्य अभियंता–02(गया) का पत्रांक 91 अनु0 दिनांक 24.01.2026 द्वारा संवेदक को कालीसूची में दर्ज करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक Mritunjay Kumar Singh(Regd. No-1719) के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में निहित प्रावधान के तहत कार्रवाई किये जाने के पूर्व संवेदक से कारणपृच्छा की गई। उक्त कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 07.04.2026 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए बताया गया कि "प्रश्नगत पथ की कुल लंबाई 1800 मी0 है। जिसमें से 1400 मी0 का निर्माण कार्य 2015 में पूर्ण किया गया था। परंतु बाकी 400 मीटर लंबाई पथ का निर्माण कार्य जमीन विवादित रहने के कारण मार्च 2020 में पूर्ण कर लिया गया था।"

संवेदक द्वारा अपने स्पष्टीकरण में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य लंबित रखने/अपूर्ण रखने के संबंध में कोई जवाब न देकर मात्र विलंब से कार्य पूर्ण किये जाने की बात कही गई है। संवेदक का स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में कार्य प्रमंडल, शेरघाटी के अधीन पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत L041-T02 to Intatekr (VR20) पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं करने संबंधी आरोपों के आलोक में बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(vi) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक Mritunjay Kumar Singh(Regd. No-1719), Vill+PO-Imamganj, Gaya, Pin-824206 को 04(चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

28.04.26

(जय किशोर ठाकुर)

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–325/2025 5115 /पटना, दिनांकः– 28.4.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.04.26

अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–325 / 2025 5115 / पटना, दिनांकः– 28.4.26

प्रतिलिपिः– Mritunjay Kumar Singh(Regd. No-1719), Vill+PO-Imamganj, Gaya, Pin-824206 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 28.04.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–325 / 2025 5115 / पटना, दिनांकः– 28.4.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 28.04.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–325 / 2025 5115 / पटना, दिनांकः– 28.4.26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 28.04.26

अभियंता प्रमुख